years. It touches the Keonjhar district headquarters which is about 60 KMs only from Badampahar and which is the end railway station on this line. The ground level between Badampahar and Keonjhar is almost the same and there is no hilly area in between. If and when the Badampahar-Keonjhar-Talcher extension proposal comes up the distance from Bhubaneswar and Paradeep port to New Delhi will be reduced by about 100 KMs or so and it will pass by the side of the Similipal hill ranges having 2700 square kilometres of Saal reserve forest area, which yields a huge quantity of valuable forest produces such as Saal seed, Resin, honey and other medicinal plants. Apart from passing through the iron ore belt, Chinaclay mines belt, ferro-manganese belt, it will also touch the great tourist spot, the National Tiger Project zone and also the two famous Barahipani water falls on the hills.

(3) According to the reports of Dastur Company, which was asked to study about 18 possible steel-plant sites in India, Nayagad in the Keonjhar area was found to be the most economical and suitable area for a steel plant. Recently it was in the newspapers that TISCO may also be interested to establish their second steel plant in Orissa under a suitable and favourable atmosphere in the country and in Orissa.

(4) The Chief Minister of Orissa in his speech at Paradeep port on the 9th March, 1992 declared that not only one steel plant but three steel plants, both big and small, will come up in Orissa in the near future.

(5) Sir, these prospects and possibilities appear bright with the remarks of the hon. Prime Minister in this august House, during his speech on the 10th March last, when he emphasized that the policy of colonial tendency, of exporting ores and other row material from India, would have to be abandoned, for processing purposes inside India, for the progress and prosperity of our country.

Sir, in these changed circumstances and under the new Industrial Policy and also with the high hopes of prosperity and progress in a compact scheduled area, may I take this opportunity to draw the attention of our planners and policy-makers, through you, to this and also make an appeal to the Government of India to kindly review it and allow surveying of the proposed railway extension so that Orissa can dream of wiping out the stigma of economic backwardness and grim poverty which still sounds bitter tven after 45 years of our independence in spite of the fact that Orissa is one of the richest States of India in terms of natural resources and the area mentioned is inhabited by the Scheduled Tribe and Scheduled Caste people by over 60 to 75 per cent of the total population in this Scheuduled area.

With these words, I conclude my expression in this special mention.

SHRI SARADA MOHANTY (Orissa): Mr. Vice- Chairman, Sir, I associate myself with Shri Chandra Mohan Sinha.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): Shri Suresh Pachouri. Not present. Shri Jogi. Not present. Smt. Sarala Maheshwari. Not present. Shri Ram Naresh Yadav.

Need to bring Prabhakaran and Pottu Amman, Assailants of Late Shri Rajiv Gandhi, To India

श्री राम नरेश यादव (उत्तर प्रदेश) : महोदय, मैं इस विशेष उल्लेख के माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं, और वह विशेष उल्लेख एक बहुत ही महत्वपूर्ण प्रश्न पर है। कई दिनों से, महोदय, मैं प्रतिज्ञा करता रहा कि यह प्रश्न आए और सदन के सामने सरकार का ध्यान आकर्षित किया जाए। वह श्री राजीव गांधी की निर्मम हत्या के आरोप में अभियुक्त लिट्टे नेता प्रभाकरण तथा पोट्टअमन को भारत लाने के संबंध में है।

[श्री राम नरेश यादव]

महोदय, बड़े दुखी मन से कहना चाहता हूं कि भारत माता के महान सुपुत, पूर्व प्रधान मंत्री, श्री राजीव गांधी की निर्मम हत्या जिन परिस्थितियों में हुई पैरम्बेदूर में, उससे देश ही नहीं, सारा विश्व स्तंभित रह गया था । उनसे भारत को ही नहीं, बल्कि विश्व के और विशेष रूप से जो विकासशील देश हैं, उनको बहुत बड़ी-बड़ी आशायें थीं, किंतु आतंकवादी लोगों की काली करतूतों के आधार पर जिस तरह वह छीन लिये गये, वह एक बड़ी दुखद कहानी बन चुकी है । लोगों की आशाओं पर पानी फिर गया है ।

उस संबध में वर्मा आयोग की नियुक्ति भी हुई । वह तो जांच चल ही रही है कि किन परिस्थितियों में हत्या हुई । साथ ही साथ सी०बी०आई० की स्पेशल इनवेस्टिगेशन टीम भी जांच कर रही है । इस सदन में और सदन के बाहर निरंतर सरकार की तरफ से इस बात का आश्वासन दिया जाता रहा है कि सरकार श्री राजीव गांधी की हत्या के मामले में आरोपित जो अभियुक्त हैं, उनके खिलाफ कार्यवाही करने, गिरफ्तार करने में कोई ढिलाई नहीं बरतेगी । किंतु ऐसा लग रहा है कि कहीं न कहीं सरकार सो रही है । जो कार्यवाही करना चाहिए थी, आज तक नहीं हो पाई और यह मैं इसलिए कह रहा हूं कि श्री लंका के विदेश सचिव, तिलकरत्नम, ने अभी कहा है कि भारत सरकार ने लिट्टे नेता प्रभाकरण और पोट्टूअमन को भारत भेजने के बारे में हमसे कोई बात नहीं की है । न तो विचार-विमर्श किया है, न कोई पत्र भेजा है या न किसी तरह का संपर्क स्थापित किया है और जिस दिन भारत सरकार की तरफ से हमारे पास कोई इस तरह का पत्राचार होगा, प्रस्ताव आएगा भारत भेजने के बारे में तो हम इस प्रश्न पर गंभीरता के साथ विचार-विमर्श करेंगे । लेकिन महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि अभी तक क्यों नहीं गृह विभाग की तरफ से, भारत सरकार की तरफ से क्यों नहीं कोई पत्र भेजा गया, कोई प्रस्ताव वहां पर भेजा गया कि लिट्ठे के दोनों नेताओं को जिनका इस निर्मम और जघन्य हत्या में हाथ है, को भारत लाने के बारे में क्यों नहीं भेजा गया । क्यों सरकार सो रही है, क्यों सरकार मौन पड़ी है और जो बराबर सदन को और सदन के बाहर आश्वासन देती रही है, उसका उल्लंघन सरकार क्यों कर रही है ? इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं कि जब प्रधान मंत्री जी की हत्या हो गई, सारी स्थिति खराब हो गई, इसके बावजूद भी हमारी सरकार जो केंद्र में है, गृह मंत्रालय अपने हाथ में है, इसके बावजूद भी सदन की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए देश की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए आज तक लंका की सरकार के पास दोनों लिट्टे नेताओं को मांगने का कोई प्रस्ताव नहीं भेजा ? यह बहुत ही चिंतनीय, दुखद और क्या कहूं महोदय, इसके बारे में, बहुत तकलीफ होती है । इतनी तकलीफ होती है कि आखिर यह सरकार क्या कर रही है ? इसलिए आपके माध्यम से सरकार से मेरी मांग है कि सरकार, मैं जानना भी चाहता हूं कि सरकार ने क्यों नहीं कार्यवाही की, क्यों ह प्रस्ताव भेजा और कौन जिम्मेदार है ? और जब तक कार्यवाही नहीं होगी जोर से, सरकार कौन से कदम उठाने जा रही है ताकि दोनों जो राजीव गांधी की हत्या में आरोपित हैं, अभी वे भारत क्यों नहीं लाए जा सके और ला करके उनके खिलाफ कानून के तहत मुकदमा चलाया जाए और जेलों की सींकचों के अंदर बंद किया जाए, यही मेरा आपसे निवेदन है । मुझे विश्वास है कि सरकार अब नहीं सोएगी और अपनी जो स्वयं गहरी निद्रा में है उसे तोड़ेगी, जगेगी और जल्दी से जल्दी कार्यवाही करेगी । दोनों जो लंका में पड़े हुए हैं और आज तक कोई प्रस्ताव नहीं भेजा है ताकि उन्हें यहां भारत में लाया जा सके ।

इन्हीं शब्दों के साथ, मैं अपनी बात समाप्त करता हूं । धन्यवाद ।

डा० रत्नाकर पाण्डेय (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, प्रभाकरण... (व्यवधान)

SHRI VITHALRAO MADHAVRAO JADHAV (Maharashtra): Sir, I would also like to associate myself with the sentiments expressed by my friend, Shri Ram Naresh Yadav. (*Interruptions*)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): Your association will be noted. It is not a debate. It is a very serious matter. (*Interruptions*)

SHRI V. NARAYANASAMY (Pondichery): Sir, it is a very serious matter.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): But he has said it. You just associate yourself with this.

SHRI V. NARAYANASAMY: Sir, actually, Prabhakaran and Pottu Amman, are the first and second accused in the assassination case of our leader, Shri Rajiv Gandhi. (*Interruptions*) I am on an issue which is very serious. Our leader, Shri Rajiv Gandhi, was with us last year about this time. We lost our leader because of the design of the LTTE which was mastermineded by Prabhakaran and Pottu Amman and we have been making several pleas before this House. (*Interruptions*)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): Mr. Narayanasamy, he was a national leader. Nobody is disputing that fact. There is no doubt about it. Let us not bring him down to the leadership of a party. He was a national personality. (*Interruptions*)

SHRI V. NARAYANASAMY: I demand two things from this Government. Number one, the Sri Lankan Government has said that they are prepared to hand over Prabhakaran and Pottu Amman on extradition to the Government of India provided the Government of India writes to them. That is what they say. I would like to know from the hon. Minister whether the Government will write to the Srj Lankan Government. My second point is regarding banning of the LTTE. It was also a demand from the members and the hon. Home Minister has responded to it. He said that before 21st of May, they will do it. That was the assurance given by the hon. Home Minister. Thirdly, the political organisations who have been supporting the LTTE in tamil Nadu should also be banned. That is what the hon. Minister of State for Home Affairs, Mr. M. M. Jacob, has said. Shri Jacob has said that the DMK should be banned. This is on record. (*Interruptions*)

SHRI MISA R. GANESAN (Tamil Nadu): Sir, this is highly objectionable. (*Interruptions*). This is highly condemnable. (*Interruptions*).

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): Nothing is going on record.

SHRI V. NARAYANASAMY:*

SHRI MISA R. GANESAN:*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): It is not going on record.

SHRI M. VINCENT (Tamil Nadu):

SHRI V. NARAYANASAMY:*

SHRI MISA R. GANESAN:*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): Please sit down. Please sit down. ... (*Interruptions*) Mr. Vincent, please sit down. Please sit down ... (*Interruptions*) ... Mr. Ganesan, please sit down. Resume your seat. Mr. Narayanasamy, please sit down... (*Interruptions*) ...You resume your seat. please resume your seat... (*Interruptions*) ... You please sit down. This is not the way to carry on the debate... (*Interruptions*) ...Please sit down. Please sit, down... (*Interruptions*) ...Would you please sit down? Let us not enlarge upon the scope of the Special Mention... (*Interruptions*) ...That is not so. I will look into it and if it is... (*Interruptions*)

*Not recorded

SHRI V. NARAYANASAMY:*

SHRI MISA R. GANESAN:* (*Interruptions*)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): I will look into it. Please sit down. ...(Interruptions)... Mr. Vincent, please sit down. Dr. Pandey.

हिंदी

डा. रत्नाकर पाण्डेय : उपसभाध्यक्ष जी...

उपसभाध्यक्ष (श्री भास्कर अन्नाजी मासोदकर) : आपको क्या कहना है ?

डा. रत्नाकर पाण्डेय : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, हमारे सदन के वरिष्ठ सदस्य श्री राम नरेश यादव जी ने राजीव गांधी जी की हत्या के संदर्भ में प्रभाकरण और पोट्टुअमन को भारत लाने की बात कही है जो कि इस समय श्रीलंका में निवास करते हैं । उपसभाध्यक्ष महोदय, मुझे स्मरण है कि राजीव गांधी की हत्या पर बयान देते हुए हमारे माननीय गृह मंत्री और सदन के नेता ने कहा था कि..

उपसभाध्यक्ष (श्री भास्कर अन्नाजी मासोदकर) : भाषण मत दीजिए ।

डा. रत्नाकर पाण्डेय : मैं डिटेल में नहीं जाऊंगा । माननीय गृह मंत्री महोदय ने कहा था कि सुपर पावर्स का हाथ इसमें है और यह सिद्ध हो चुका है कि प्रभाकरण और पोट्टुअमन, ये दोनों राजीव गांधी की हत्या के लिए जिम्मेदार हैं । उपसभाध्यक्ष महोदय, एक समय जबकि राजीव गांधी ने श्रीलंका में शांति स्थापना के लिए शांति सेना भारत से भेजी थी, उस समय भी उनके ऊपर बंदूक के बट से सैनिक ने आक्रमण किया था और वे भगवान की दया से बच गए थे । मैं चाहूंगा कि सरकार अब स्पष्ट रूप से 21 मई के पहले, राजीव गांधी के बलिदान दिवस के पहले, श्रीलंका सरकार को इस बारे में लिखे क्योंकि जब वहां के विदेश मंत्री कह रहे हैं कि हम से अगर भारत सरकार उन दोनों को मांगे तो हम भेज सकते हैं । इसलिए 21 मई के पहले राजीव गांधी के प्रति इस सरकार की सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि प्रभारण और पोट्टुअमन को भारत की संपत्ति बनाकर, उन्हें प्रोसीक्यूट करने के लिए, उनके खिलाफ जांच करने के लिए यहां लाए और लैंड आफ ला के अनुरूप उनके ऊपर मुकदमा चलाने के लिए उन्हें तत्काल मांगा जाए । मैं विश्वास करता हूं कि सरकार को आप डायरेक्ट करेंगे कि 21 मई के पहले, राजीव गांधी जी के प्रथम बलिदान दिवस के पहले भारत सरकार इस काम को जरूर करे नहीं तो लगेगा कि हम अपने बलिदानी नेता राजीव गांधी, जोकि शहीद हो गए उनके लिए हमारी सरकार मौन बैठी हुई है और जो कि सत्य है जिसे कि सारी दुनिया ने स्वीकार कर लिया है, उस सत्य को इंटरनेशनल जो व्यवस्थायें हैं, उनका बहाना बनाकर टालने की कोशिश न की जाए । मैं विश्वास करता हूं कि पूरे सदन की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए श्री प्रभाकरण और पोट्टुअमर को इस देश में बुलाया जाएगा और राजीव गांधी जी की हत्या के जुल्म में उन्हें कड़ी-सेकड़ी सजा देकर फांसी पर लटका कर दुनिया में आतंकवाद को हमेशा के लिए मिटाने के लिए एक नसीहत देने का काम हमारी सरकार करेगी जोकि राजीव राजीव गांधी के प्रति सही मायनों में सच्ची श्रद्धांजलि होगी ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं विश्वास करता हूं कि सरकार को आप डायरेक्ट करेंगे क्योंकि राजीव गांधी आप में विश्वास करते थे और मैं विश्वास करता हूं कि आप सरकार को डायरेक्ट करेंगे कि 21 मई के पहले, राजीव गांधी के बलिदान की बरसी के पहले सरकार इस काम को जरूर कर ले ।

उपसभाध्यक्ष (श्री भास्कर अन्नाजी मासोदकर) : श्री चिमन भाई महता ।

श्री राम नरेश यादव : महोदय सरकार को निर्देश दें ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): The Government is here.

*Not recorded.

श्री राम नरेश यादव : सर, बैठे हैं जरुर, लेकिन आपके निर्देश की, पीठ के निर्देश की जरुरत है क्योंकि बहुत ही महत्वपूर्ण मामला है । इसलिए सरकार को निर्देश दें कि सरकार इस संबंध में जल्दी से जल्दी कार्यवाही करे ।

उपसभाध्यक्ष (श्री भास्कर अन्नाजी मासोदकर) : राम नरेश जी सरकार जब सुन लेती है तो उसको निर्देश देने की जरुरत नहीं होती है ...

The Minister is here. There are two Ministers. They have listened to your Special Mention. I am sure they will convey....

मौलाना ओबैदुल्ला खान आज़मी (उत्तर प्रदेश) : सरकार सिर्फ मतलब की बात सुनती है, सरकार देश के हित की बात नहीं सुनती है : अपने लीडर के लिए भी सरकार यह काम करने के लिए तैयार नहीं है । ... **(व्यवधान)** ...

مولانا عبید اللہ خاں اعظمی : سرکار صرف مطلب کی بات کرتی ہے۔ سرکار دیش کے ہت کی بات نہیں سنتی ہے۔ اپنے لیڈر کے لیے بھی سرکار یہ کام کرنے کے لیے تیار نہیں ہے۔ ... "مداخلت"

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): I am sure that your anxiety will be noted.

मौलाना ओबैदुल्ला खान आज़मी : ऐसी सरकार को शर्म से डूब कर मर जाना चाहिए, जो सरकार अपने लीडर के अहसान के नतीजे में सरकार बनाए हुए है, जो सरकार राजीव गांधी के खून पसीने की कुर्बानी के नतीजे में आई है वह सरकर भी राजीव गांधी के खून को खून नहीं पानी समझ रही है । शर्म की बात है । इस सरकार को जल्दी निर्णय लेना चाहिए ताकि आगे इस देश के हितों की रक्षा करने वाले नेताओं का मर्डर करने का कोई नापाक भारत का गद्दार भारत के नागरिकों के साथ नापाक काम न कर सके ।

مولانا عبید اللہ خاں اعظمی : اس سرکار کو شرم سے ڈوب کر مر جانا چاہیے۔ جو سرکار اپنے لیڈر کے احسان کے نتیجہ میں سرکار بنائے ہوئے ہے۔ جو سرکار راجیو گاندھی کے خون پسینے کی قربانی کے نتیجہ میں آئی ہے۔ وہ سرکار بھی راجیو گاندھی کے خون کو خون نہیں پانی سمجھ رہی ہے۔ شرم کی بات ہے۔ اس سرکار کو جلدی نرنے لینا چاہیے تاکہ آگے اس دیش کے ہتوں کی رکشا کرنے والے نیتاؤں کا مرڈر کرنے کا کوئی ناپاک بھارت کا غدار بھارت کے ناگرکوں کے ساتھ ناپاک کام نہ کر سکے۔

श्री राम नरेश यादव : अभी तक कोई लेटर श्रीलंका सरकार को नहीं भेजा गया है । ... **(व्यवधान)** ...

SHRI VITHALRAO MADHAVRAO JADHAV: The Home Minister has come.

SHRI V. NARAYANASAMY: These two people, Prabhakaran and Pottu Amman, should be arrested and brought to this country. You are responsible for that. *(Interuptions)*...

AN HON. MEMBER: Before 21st May they should be arrested. *(Interruptions)*

†[ ]Transliteration in Arabic script.

†] Transliteration in Arabic Script.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): The Minister has already heard you. (*Interruptions*)

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND THE MINISTER OF STATE IN MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI M. M. JACOB): The course of law will prevail. Naturally this is a very important issue. (*Interruptions*) ...

SHRI VITHALRAO MADHAVRAO JADHAV: They should be arrested before 21st May. What is reply to that? (*Interruptions*) ...You are giving a gole mal answer. It doesn't carry any meaning.

SHRI M. M. JACOB: He knows very well that they are in another country. There are other methods. (*Interruptions*)

SHRI V. NARAYANACAMY: I would like to know whether the Indian Government has written a letter to the Prime Minister of Sri Lanka. (*Interruptions*)

DR. RATNAKAR PANDEY: We want an assurance from the hon. Home Minister on the floor of this House that they would be arrested before 21st May. (*Interruptions*)..

SHRI M. M. JACOB: Writing a letter is not sufficient. (*Interruptions*)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): Please sit down.

SHRI VITHALRAO MADHAVRAO JADHAV: Taking the name of late Rajiv Gandhi these people came to power. It is their moral responsibility to get these people arrested. The Sri Lankan Government is prepared to hand over the culprits provided the Indian Government makes a request. The Government should make a request before 21st May and bring these culprits. Then the entire country will pay the real homage to Rajiv Gandhi. I want a categorical answer from the Home Minister. (*Interruptions*)

SHRI V. NARAYANASAMY: I don't find any difficulty, What is the difficulty the Government is facing? (*Interruptions*)

SHRI VITHALRAO MADHAVRAO JADHAV: I want a reply from the Home Minister (*Interruptions*).

मौलाना अबैदुल्ला खान आजमी: सर मैं श्री राम नरेश जी यादव के इस अहम बयान के साथ अपने को वाबस्ता करते हुए सरकार से यह कहना चाहता हूं कि इंग्लैंड और कनाडा में इंडिया के हितों को कत्ल करने वाले उग्रवादियों के खिलाफ जब हमारी सरकार ने यह मसला तय कर लिया है कि उग्रवादियों की जायदाद जब्त कर ली जाएगी उग्रवादियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी तो राजीव गांधी जी का जो कत्ल हुआ है इससे बड़ा भी उग्रवाद है क्या ? अरे, अगर अपोजीशन इस मामले में सियासत करती तो एक बात होती कि अपोजीशन ऐसा कर रही है मगर कांग्रेसी हुकूमत इस मामले में राजनीति क्यों कर रही है? वह क्यों नहीं स्पष्ट करती कि देश के नेताओं का भविष्य महफूज रहेगा और देश के नेताओं के साथ आगे कोई आदमी इस तरह के नापाक कदम उठाएगा तो देश की हुकूमत इसको बर्दास्त नहीं करेगी। राजीव गांधी इस मुल्क में अपने वजूद की कुर्बानी देकर इस सरकार को लाये है। इस सरकार को शर्म से डूबकर के मर जाना चाहिए अगर यह सरकार जल्द से जल्द कोई निणय नहीं लेती

مولانا عبید اللہ خاں اعظمی: سر۔ میں شری رام نریش یادو جی کے اس اہم بیان کے ساتھ اپنے کو وابستہ کرتے ہوئے سرکار سے یہ کہنا چاہتا ہوں کہ انگلینڈ اور کناڈا میں انڈیا کے ہتوں کو قتل کرنے والے اگر وادیوں کے خلاف جب ہماری سرکار نے یہ مسئلہ طے کرلیا ہے۔ کہ اگر وادیوں کی جائیداد ضبط کرلی جائے گی۔ اگر وادیوں کے خلاف کڑی قانونی کارروائی کی جائیگی تو راجیو گاندھی جی کا جو قتل ہوا ہے۔ اس سے بڑا بھی اگر واد کیا ہے۔ اور اگر اپوزیشن اس مسئلے میں سیاست کرتی تو ایک بات ہوتی کہ اپوزیشن ایسا کر رہی ہے۔ مگر کانگریس حکومت اس مسئلے میں راج نیتی کیوں کر رہی ہے۔ وہ کیوں نہیں سپشٹ کرتی کہ دیش کے نیتاؤں کا بھوشیہ محفوظ رہے گا۔ اور دیش کے نیتاؤں کے ساتھ آگے کوئی آدمی اس طرح سکا ناپاک قدم اٹھائیگا تو دیش کی حکومت اسکو برداشت نہیں کرے گی۔ راجیو گاندھی اس ملک میں اپنے وجود کی قربانی دیکر اس سرکار کو لائے ہیں۔ اس سرکار کو شرم سے ڈوب کر مرجانا چاہیے۔ اگر یہ سرکار جلد سے جلد کوئی ٹرنے نہیں لیتی۔

---

†[ ] Transliteration in Arabic Script.

डा० रत्नाकर पांडेय: सर 21 मई के पहले होम मिनिस्टर ने एश्योर किया था इस हाऊस में कि कोई न कोई कार्यवाही कर दी जाएगी वह क्यों नहीं की जा रही? 21 मई के पहले लिखते में क्या हर्जा है ... (व्यवधान):

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): Please listen to the Minister. He wants to say something.

SHRI M. M. JACOB: This is a matter of which we are all concerned, all sides of the House—the assassination of Rajiv Gandhi and the matters arising out of it. That is why the investigation is going on in 2.00 P.M. right earnest. Sir investigation is almost complete Very shortly the next stage will be heard. I don't want to enter into the investigation procedure. You know that because you are a very learned lawyer and a Judge. aturally there is a limitation for me to involve myself at this stage and then react to everything. But whatever it is, I share the anxiety expressed by the House. Steps are being taken only according to the procedure laid down, as per law, as per our method for tackling the situation. The Government is aware of it and the Government is....

SHRI V. NARAYANASAMY: I want to know whether you are writing a letter to the Sri Lankan Government....

SHRI M. M. JACOB: It is not possible for me to divulge it.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): Mr. Narayanasamy, please sit down. This matter should end now. Mr. Chimanbhai Mehta.

HEAVY LOSSES DUE TO COAL PILFERAGE AT COLLIERIES AND EN ROUTE ON TRAINS

SHRI CHIMANBHAI MEHTA (Gujarat): I am raising the issue of coal piliferage at pitheads and from runnnig wagons. It is estimated by